दिनांक 29/7/2026 -

पत्रिका

jabalpur. Wednesday 29/07/2026

मानकुंवर कॉलेज में उमंग प्रोग्राम

# हेल्थ चेकअप कैम्प में मिले जरूरी टिप्स



जबलपुर. गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ. नेहा तिवारी समन्वयक रहे। कार्यक्रम में योग एवं आहार पोषण, मानसिक स्वास्थ्य पर भी चर्चा की गई। इस दौरान छात्राओं का मेडिकल टेस्ट किया गया, जिसमें उनकी हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लडप्रेशर की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।

छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित काउंसलिंग की गई। मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामनरेश, काउंसलर मनीषा सोनी, काउंसलर माया सिंह, नर्सिंग ऑफिसर सुनिता बेदी ने युवाओं से संवाद किया। आयोजन में डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. अर्चना चतुर्वेदी, डॉ. ममता बर्मन, महेश वाहने, संदीप यादव, सुशील यादव का सहयोग रहा।

दिनांक 29/7/2026.

पत्रिका